समस्या | शिक्षकों की कमी बनी चुनौती

# 5वीं और 8वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू



**नवभारत, सिहोरा।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ हो गया है। बीईओ अरविंद सिंह धुर्वे और बीआरसीसी बृजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### मूल्यांकन हेतु सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था

मूल्यांकन कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्राचार्य बी.एस. परस्ते और विनोद पटेल के निर्देशन में पूरी टीम तैनात है। उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा और सुलभ वितरण के लिए विद्यालय में एक विशेष स्ट्रांग रूम बनाया गया है। यहीं से पैकेटों का वितरण और संकलन किया जा रहा है, ताकि गोपनीयता और सुरक्षा बनी रहे।

### पोर्टल पर अंकों की तत्काल ऑनलाइन फीडिंग

हेड वैल्यूअर अशोक तिवारी ने बताया कि इस बार मूल्यांकन के साथ-साथ तकनीकी सटीकता पर भी विशेष जोर है। प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने के बाद 'पर्ण' (मार्क्स शीट) भरेंगे। इसके बाद हेड वैल्यूअर की सहायता से अंकों की प्रविष्टि सीधे राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल पर ऑनलाइन की जाएगी, जिससे परीक्षा परिणाम घोषित करने में देरी न हो।

### स्थानीय परीक्षाओं के कारण मूल्यांकनकर्ताओं की कमी

मूल्यांकन कार्य में वर्तमान में एक बड़ी चुनौती शिक्षकों की उपलब्धता को लेकर आ रही है। चूंकि अभी प्राथमिक की कक्षा 3, 4 और माध्यमिक की कक्षा 6, 7 के साथ-साथ हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी (9वीं व 11वीं) की स्थानीय परीक्षाएं भी संचालित हो रही हैं, इसलिए शिक्षकों पर दोहरा भार है। बहुत से मूल्यांकनकर्ता दोपहर बाद अपनी ड्यूटी खत्म कर मूल्यांकन केंद्र पहुँच रहे हैं।

### विषयवार विशेषज्ञों की नियुक्ति

मूल्यांकन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्राथमिक और माध्यमिक विभाग के पृथक-पृथक लगभग 40 विषय विशेषज्ञों को लगाया गया है। 5वीं के लिए अभिषेक उरमलिया और 8वीं के लिए अशोक साहू सहित अन्य हेड वैल्यूअर्स के नेतृत्व में अनुभवी शिक्षकों की टीम बारीकी से कॉपियों की जांच कर रही है, ताकि छात्रों के भविष्य के साथ पूर्ण न्याय हो सके।

### मूल्यांकन दल और प्रमुख सहयोगियों की भूमिका

इस महत्वपूर्ण कार्य में अधिकारी एवं प्रभारी मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी बी. एस. परस्ते (प्राचार्य), विनोद पटेल (प्रभारी प्राचार्य), बी ए सी अश्वनी उपाध्याय प्रमुख सहयोगियों में कक्षा 5वीं - हेड वेल्यूअर अभिषेक उरमलिया,संदीप विश्वकर्मा,आशीष पहारिया, कक्षा 8वीं - हेड वेल्यूअर अशोक साहू, राम किशोर, संजीव उरमलिया ,नीलेश शुक्ला मनीष विश्वकर्मा, अब्दुल रहीम खान (5वीं):अशोक तिवारी, सहायक केन्द्र प्रभारी (8वीं) रामशरण बागरी,जन शिक्षक संजीव गुप्ता,कंट्रोल रूम प्रभारी आर. के. नेमा, मूल्यांकन सहयोगी अर्जुन गर्ग,योगेन्द्र मिश्रा, सतीश तिवारी प्रमुख सहयोगियों में उपस्थित रहे।



# शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन उमड़ा भक्तों का सैलाब

▸ मझौली के वार्ड 11 में चल रहा है धार्मिक आयोजन


**नवभारत, मझौली ।** नगर के वार्ड क्रमांक 11 में आयोजित शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की आस्था लगातार बढ़ती जा रही है। कथा के पांचवें दिन बड़ी संख्या में भक्त कथा स्थल पर पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। यह दिव्य कथा व्यास रामनिवास शास्त्री जी के मुखारविंद से सुनाई जा रही है। कथा के दौरान उन्होंने भगवान शिव की महिमा, भक्ति और सनातन धर्म के आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की सच्चे मन से आराधना करने से मनुष्य के जीवन के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। आसपास के गांवों और मोहल्लों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहे हैं। आयोजकों के अनुसार शिव महापुराण कथा के आगामी दिनों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय नागरिक और भक्तगण सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं।

# गेंहू के पंजीयन की तिथि बढ़ाने की मांग

**नवभारत, सुकरी।** सेवा सहकारी समिति सुकरी में किसानों ने गेंहू के पंजीयन तिथि बढ़ाने की मांग प्रशासन से की है। स्थानीय किसानों ने बताया कि सेवा सहकारी समिति सुकरी में पर्याप्त किसानो के गेहूं के रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाए हैं इसलिए वे चिंतित हैं । क्योंकि फसलों की गिरदावरी तो की जा चुकी है लेकिन उसका पोर्टल मे राजस्व विभाग के द्वारा वैरिफिकेशन न होने से पंजीयन नहीं हो पा रहा है। बताया जा रहा है कि गेंहू के पंजीयन की तिथि अगर बढ़ जाती है तो सुकरी के करीब 200 से ज्यादा किसानों को लाभ होगा।

# सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार करेगा ब्राह्मण समाज

**नवभारत, सिहोरा।** ब्राह्मण समाज सिहोरा की इकाई युवा मंडल द्वारा आगामी 19 मई को ब्राह्मण बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित किया जाएगा।समाज द्वारा इस आयोजन के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। समाज के अध्यक्ष राकेश पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज का यह लगातार 14 वां वर्ष है। परमश्रद्धेय आचार्य सुरेंद्र दास जी के द्वारा यह संस्कार माता महाकाली मंदिर खितौला में आयोजित होगा।इच्छुक माता पिता अपने बटुकों का पंजीयन समाज के सदस्यों के पास करा ले।



# हनुमान जन्मोत्सव की वाहन रैली के लिए बैठक आज

**नवभारत, सिहोरा।** प्रति वर्ष अनुरूप इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव की विशाल वाहन रैली को भव्यता देने हेतु एक हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में एक विशाल बैठक दिन मंगलवार को श्री काल भैरव मंदिर सिहोरा में शाम 8 बजे से आहूत की गई है आप सभी युवा,बड़े बुजुर्ग,जाती बिरादरी संगठनों, व्यापारिक संगठनों सभी से अनुरोध की इस बैठक में शामिल होकर अपने अपने अमूल्य विचार सांझा करें ताकि हम अपने आराध्य प्रभु श्री हनुमान के जन्मोत्सव को उत्साह के साथ भव्यता प्रदान करते हुए इस उत्सव को मनाए।

# प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित

▸ गौ संरक्षण जल संवर्धन जैविक खेती व आदर्श ग्राम की परिकल्पना को साकार करेगी समितियां

**नवभारत, सिहोरा।** सिहोरा विकासखंड के तहत गोसलपुर सेक्टर क्रमांक 2 के तहत आने वाले पांच प्रस्फुट्न ग्रामों में गठित समितियां के अध्यक्ष सचिव व सदस्यों का मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तहत नवांकुर योजना मे चयनित पौराणिक अद्भुत विघा शोध संस्थान नवांकुर संस्था द्वारा सेक्टर अंतर्गत आने वाली समितियों के सदस्यों के लिए क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम गोसलपुर मे संचालित



संस्था के कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के तेल चित्र के पूजन अर्चन व प्रेरक गीत के साथ किया गया प्रशिक्षण सत्र में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जीडी रायपुरिया द्वारा समितियां की अवधारणा परामर्शदाता प्रवीण गौतम सुरभि कोरी द्वारा समिति का दस्तावेजीकरण समिति के सचिव दिव्याकर्षण राज त्रिपाठी हेमचंद असाटी द्वारा परिषद का एप संचालन व समिति की भूमिका गौ संरक्षण जल संवर्धन जैविक खेती विषय पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया इस दौरान प्रशिक्षण में आए समिति सदस्यों द्वारा अपने-अपने गांव में किये जा रहे नवाचार कार्यक्रमों की जानकारी दी साथ ही सेक्टर के अंतर्गत आने वाले एक ग्राम को आदर्श ग्राम चिन्हित करने का संकल्प लिया गया। अंत मे सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर कार्यक्रम का समापन किया गया इस मौके पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राहुल तंतुवाय अर्पित चौबे संजीव श्रीवास शिवकुमार शर्मा नरेंद्र वर्मन दीपक पटेल हेमचंद असाटी दिव्याकर्षक राज त्रिपाठी राज पटेल राजीव पटैल चैतु कोल वर्षा श्रीपाल किशन बर्मन नेहा यादव खुशबू रजक रोहिणी बर्मन दीपक तंतुवाय धर्मेंद्र सिंह गौड़ दीपक काछी शिवम तंतुवाय सरिता काछी विजय दुबे विकास यादव आदि उपस्थित रहे।



# गीत-नृत्य और हंसी-ठिठोली के बीच मनाया रंगपंचमी उत्सव

**नवभारत,जबलपुर।** सैम सीनियर सिटिजन क्लब में रंगपंचमी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्लब की वरिष्ठ सदस्य बुंदेली विदुषी उर्मिला श्रीवास्तव ने 'नेता और अभिनेता' थीम पर अपने चुटीले और नुकीले टाइटल प्रस्तुत कर सभी सदस्यों को ठहाकों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। क्लब की सदस्य लक्ष्मी राजपूत ने सभी को मिठाई खिलाई।

जसबीर चोपड़ा, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, अनीता आहूजा, रश्मि श्रीवास्तव, आरती जायसवाल, सुनीता मेहंदीरा्टा और रचना सक्सेना ने भी उत्सव में सहभागिता की। लक्ष्मण सिंह चौहान कृष्ण और सुनीता चौहान राधा के वेश में आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में डॉ. माया गुप्ता, राजकुमारी रायकर, प्रभा नायडू, हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता समयिया, उपायुक्त स्थापक, डॉ. लिआऊ, इंद्र अग्रवाल और मंजू इंग्लें के गीत-नृत्य ने समां बांध दिया। कार्यक्रम का संयोजन जादूगर एस.के. निगम ने किया। संचालन विंग कमांडर चंदन शर्मा ने किया तथा उद्घोषणा नीरज शुक्ला ने की। रंगों, गीतों और हास्य से भरे इस आयोजन ने सभी को उत्साह से भर दिया।

# भारतीय सर्व जनजाति सेना ने आदिवासी परंपरा से मनाई रंग पंचमी

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा पुरवा स्थित गोंडवाना साम्राज्य की कुलदेवी प्राचीन माँ मालादेवी मंदिर में भारतीय सर्व जनजाति सेना के तत्वावधान में रंग पंचमी का पर्व आदिवासी परंपराओं के साथ भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लखनादौन की पूर्व विधायक शशि ठाकुर मरावी द्वारा आदिवासी विधि-विधान से गोंगो पूजन कर की गई। फाग उत्सव में सिवनी, बेलखेड़ा, बरगी और जबलपुर क्षेत्र से आए आदिवासी समुदाय के लोगों ने पारंपरिक फाग गीत, नृत्य और फूलों की वर्षा के साथ एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर उत्सव मनाया तथा प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। आयोजक एवं भारतीय सर्व जनजाति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र कुमार कुलस्ते ने बताया कि रंग पंचमी आदिवासी समाज में नई फसल जैसे आम, महुआ, चना, गेहूं और तेन्दू फल को अग्निदेव को अर्पित करने तथा प्रकृति के परिवर्तन का प्रतीक पर्व है। इस अवसर पर डॉ. योगेश सिंह ठाकुर, मुन्नी बाई उईके, रामकुमार सैय्याम, शिवप्रसाद मरकाम, प्रकाश सिंह ठाकुर, मदन सिंह तराम, संगीता गोंटिया, धनराज सिंह पुसाम, शैलेश सिंह, शरद उईके, उमा उईके, मानकी तेकाम, भागवती पुसाम, आरती कुलस्ते, रमा धुर्वे, अंजना इनवाती, सारिका मरावी, शंकरलाल गोंटिया, घनश्याम यादव, रवि धुर्वे, रमेश धुर्वे, राजकुमार तेकाम, राजेन्द्र तेकाम सहित बड़ी संख्या में सामाजिक गणमान्यजन उपस्थित रहे।



# बंग समाज ने उत्कृष्ट महिलाओं का किया सम्मान

**नवभारत,जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बंग समाज, जबलपुर द्वारा समाज की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महासचिव सुजीत बैनर्जी, उपाध्यक्ष इंजी उत्तम सरकार एवं आलोक बोस ने महिलाओं को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमती मुक्ता राय, गौरी बैनर्जी, सीमा मंडल एवं अपर्णा सरकार को उनकी विभिन्न उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चंदन भट्टाचार्य,त्रिदीप भट्टाचार्य, आशीष बैनर्जी, संदीप जे. पी. मंडल तथा साधना राय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में रंग पंचमी के अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएँ दी।



# रंग पंचमी पर खेली होली, गुलाल से सराबोर हुआ उत्सव

**नवभारत,जबलपुर।** मेहरा समाज महासंघ की मातृशक्तियों ने रंग पंचमी के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ होली उत्सव मनाया। कार्यक्रम प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती अंजू अशोक देहरिया के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें समाज की महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंगों का त्योहार उत्साहपूर्वक मनाया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए रंग पंचमी का आनंद लिया। कार्यक्रम में मातृशक्तियों ने पारंपरिक अंदाज में होली खेली और पूरे वातावरण को रंगों से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर एन के दस, तारा दास, मणि मेहरा, हेमलता मेहरा, मेनका डेहरिया, विशाखा झारिया, रंजना हनोतिया, रानी और अनीता सहित राष्ट्रीय, प्रांतीय एवं जिला स्तर की कई मातृशक्तियाँ उपस्थित रहीं।

# साईकिल चुनाव चिन्ह आक्षेप मामले में चलेगा मानहानि प्रकरण

▸ हाईकोर्ट ने अधीनस्थ अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान में हस्तक्षेप से किया इंकार

**नवभारत, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि अधीनस्थ अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान में हस्तक्षेप का कोई कारण नहीं बनता। इसी के साथ नगरपालिका परिषद शहडोल के चुनाव के दौरान साइकिल चुनाव चिन्ह आक्षेप मामले में मानहानि प्रकरण चलाए जाने पर मुहर लगा दी। इस आदेश से दिनेश दीक्षित को झटका लगा, जबकि राकेश सिंह बघेल को राहत मिली।

अधिवक्ता योगेश सिंह बघेल ने दलील दी कि नगर पालिका परिषद शहडोल के चुनाव में दिनेश दीक्षित व राकेश सिंह बघेल दोनों अध्यक्ष पद के उम्मीदवार थे, हालांकि दोनों चुनाव में पराजित हो गए। इसके बाद आवेदक ने पुलिस अधीक्षक शहडोल को लिखित शिकायत भेजते हुए प्रतिवादियों पर जाली दस्तावेजों के आधार पर साइकिल चुनाव चिन्ह प्राप्त करने और धोखाधड़ी करने के आरोप लगाए। साथ ही इस संबंध में निजी शिकायत भी दर्ज कराई गई, जिसे बाद में आवेदक द्वारा वापस ले लिया गया। इसके पश्चात प्रतिवादियों ने आरोप लगाया कि झूठे और मान हानिकारक आरोप लगाकर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया गया, जिसके आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने भारतीय दंड संहिता की धारा 500 अंतर्गत मानहानि प्रकरण में संज्ञान लिया। राकेश सिंह व अन्य प्रतिवादी राशिद खान के ओर से अधिवक्ता योगेश सिंह बघेल ने साफ किया कि चुनाव हारने के बाद दिनेश दीक्षित ने बिना किसी ठोस आधार के गंभीर आरोप लगाए और उन्हें समाचार पत्रों में प्रकाशित भी कराया, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हुई। साथ ही यह भी कहा गया कि नामांकन की जांच के समय कोई आपत्ति नहीं उठाई गई थी और बाद में की गई शिकायत को स्वयं आवेदक ने वापस ले लिया, जो आरोपों की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़ा करता है। अपने पक्ष में प्रतिवादियों ने हाईकोर्ट मध्य प्रदेश जबलपुर के निर्णय शिवराज सिंह बनाम विवेक कृष्ण तनखा का हवाला दिया। वहीं दिनेश दीक्षित की ओर से यह तर्क दिया गया कि शिकायत सार्वजनिक हित और चुनाव से जुड़े मुद्दे पर सद्भावना में की गई थी और यह भारतीय दंड संहिता की धारा 499 के अपवादों के अंतर्गत आती है। इसके समर्थन में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय किशोर बालकृषानंद पर भरोसा किया गया। आदेश के पैरा-नो में न्यायालय ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि आवेदक दिनेश दीक्षित द्वारा पहले राकेश सिंह व अन्य के विरुद्ध एक निजी शिकायत सीजेएम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। बाद में उक्त शिकायत को स्वयं दिनेश दीक्षित ने यह कहते हुए वापस ले लिया कि वे अधिवक्ताओं के बीच अनावश्यक विवाद और कानूनी बिरादरी में मतभेद उत्पन्न होने से बचना चाहते हैं। न्यायालय ने यह भी कहा कि यदि आवेदक उचित समझें तो विधि के अनुसार, निर्धारित सीमा-अवधि और अन्य कानूनी शर्तों के अधीन रहते हुएए उस शिकायत के संबंध में उपलब्ध वैधानिक उपाय अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करते हुए कहा कि रिकार्ड पर उपलब्ध सामग्री से प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट होता है कि प्रतिवादियों के विरुद्ध लगाए गए आरोपों का संप्रेषण तीसरे व्यक्तियों तक हुआ और इससे उनकी प्रतिष्ठा प्रभावित होने की संभावना बनती है। ऐसे में यह तय करना कि आरोप सत्य थे या सद्भावना में लगाए गए थेए साक्ष्य के आधार पर ट्रायल के दौरान ही तय किया जा सकता है। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने अधीनस्थ अदालत के आदेशों को सही ठहराते हुए याचिका निरस्त कर दी और मानहानि के मामले में ट्रायल आगे बढने का रास्ता साफ कर दिया।



# होली मिलन समारोह हुआ आयोजित

**जबलपुर, नवभारत।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ जबलपुर की महिला विंग द्धारा तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन होली मिलन समारोह का आयोजन उमंग सामुदायिक भवन में बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ जिसमे बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।